# कार्यालय वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद आजमगढ़

सी.यू.जी. – 9454400250, दूरभाष- 05462-260403, ई-मेल- spazh-up@nic.in


पत्र संख्या- 286/2026 **प्रेस विज्ञप्ति** दिनांक- 23.07.2026

## थाना महाराजगंज एवं साइबर सेल
## जनपद आजमगढ़

**साइबर सेल व थाना महाराजगंज पुलिस की संयुक्त कार्रवाई, अन्तर्राजीय साइबर ठगी में संलिप्त अभियुक्त गिरफ्तार**

**फ्री मूवी/वेब सीरीज डाउनलोड के नाम पर APK फाइल भेजकर लोगों के मोबाइल हैक करने वाले गिरोह का सदस्य गिरफ्तार**

**साइबर ठगी की रकम से खरीदी गई 3.5 लाख रुपये की नई बुलेट बरामद**

**कूटरचित आधार कार्ड, दो मोबाइल फोन एवं नकदी बरामद, ठगी की रकम निकालने में करता था इस्तेमाल**

**वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आजमगढ़ डॉ0 अनिल कुमार के निर्देशन में तथा अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण चिराग जैन, अपर पुलिस अधीक्षक यातायात पंकज श्रीवास्तव व क्षेत्राधिकारी सदर आस्था जायसवाल के कुशल पर्यवेक्षण में साइबर सेल व महाराजगंज पुलिस टीम द्वारा** दिनांक 22.07.2026 को उ0नि0 राहुल कुमार मय हमराह एवं साइबर सेल आजमगढ़ प्रभारी उ0नि0 रविप्रकाश गौतम मय टीम देखभाल क्षेत्र, लंबित विवेचना एवं संदिग्ध व्यक्ति/वाहन चेकिंग के दौरान नया चौक, महाराजगंज क्षेत्र में मौजूद थे। इसी दौरान सूचना प्राप्त हुई कि साइबर अपराध में संलिप्त एक व्यक्ति, जो साइबर ठगी से प्राप्त धनराशि को एटीएम के माध्यम से निकालकर कैश करने का कार्य करता है, अपनी बुलेट मोटरसाइकिल से सहदेवगंज होते हुए महाराजगंज की ओर आ रहा है।

सूचना पर पुलिस टीम द्वारा प्रतापपुर पुलिया पर सघन चेकिंग प्रारम्भ की गई। कुछ समय बाद बुलेट मोटरसाइकिल से आते एक संदिग्ध व्यक्ति को रोककर तलाशी ली गई। तलाशी के दौरान उसके कब्जे से **01 सैमसंग मोबाइल फोन, 01 आईफोन, 01 कूटरचित आधार कार्ड तथा ₹1,330 नकद बरामद** हुए। बरामदगी के आधार पर अभियुक्त कृष्णा कुमार पुत्र राजदेव राम, निवासी ग्राम नौबरार त्रिपुरारपुर खालसा, थाना महाराजगंज, जनपद आजमगढ़, उम्र लगभग 28 वर्ष को रात्रि 23:05 बजे गिरफ्तार किया गया।

पूछताछ में अभियुक्त ने बताया कि वह कूटरचित आधार कार्ड का उपयोग कर जनसेवा केंद्रों के माध्यम से साइबर ठगी की धनराशि निकालता था। बरामद आईफोन उसके साथी आशीष कुमार पुत्र अशोक कुमार, निवासी 3-बी अनिमा कॉम्प्लेक्स, मछली गली, न्यू जक्कनपुर, मीठापुर, पटना (बिहार) का है, जिसका उपयोग म्यूल खातों में फर्जी तरीके से पंजीकृत मोबाइल नंबरों पर प्राप्त होने वाले ओटीपी हासिल करने के लिए किया जाता था।

अभियुक्त ने यह भी बताया कि वह अपने साथियों के साथ सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर फ्री में नई फिल्म/वेब सीरीज डाउनलोड कराने के नाम पर एपीके (APK) फाइल युक्त लिंक पोस्ट करता था। उक्त लिंक पर क्लिक करते ही पीड़ितों के मोबाइल हैक हो जाते थे, जिसके बाद उनके बैंक खातों से धनराशि म्यूल खातों में स्थानांतरित कर एटीएम के माध्यम से निकालकर आपस में बांट ली जाती थी।

**गिरफ्तार अभियुक्त-**

1-कृष्णा कुमार पुत्र राजदेव राम, निवासी ग्राम नौबरार त्रिपुरारपुर खालसा, थाना महाराजगंज, जनपद आजमगढ़,

**बरामदगी-**

01 सैमसंग मोबाइल फोन, 01 आईफोन, 01 कूटरचित आधार कार्ड तथा ₹1,330 नकद

01 खरीदी गई 3.5 लाख रुपये की नई बुलेट

**गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम-**

1. उ0नि0 राहुल कुमार, का0 रतीश तिवारी, रि0का0 फहीम अंसारी, थाना महाराजगंज, जनपद आजमगढ़।

2. उ0नि0 रविप्रकाश गौतम (प्रभारी साइबर सेल), हे0का0 ओमप्रकाश जायसवाल, हे0का0 मुकेश भारती एवं का0 सत्येन्द्र यादव, साइबर सेल, जनपद आजमगढ़।




